# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701


पत्रांक 01 / कैंप-लखीमपुर / 01 दिनांक 04 / 09 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 03.09.2026 को प्रकाशित खबर "बौआ में जल जीवन मिशन की टंकी बनी, पांच गांवों: 2024 में निर्माण पूरा होने के बाद भी चालू नहीं हुई, दुबहा मजरे में पाइपलाइन भी नहीं" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 03.09.2026 को प्रकाशित खबर "बौआ में जल जीवन मिशन की टंकी बनी, पांच गांवों: 2024 में निर्माण पूरा होने के बाद भी चालू नहीं हुई, दुबहा मजरे में पाइपलाइन भी नहीं" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। अवशेष–1553 राजस्व ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत–904 पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु एजेन्सी मेसर्स एन०सी०सी० लि० एवं मेसर्स वी०टी०एल०–गाजा (जे०वी०) को सूचीबद्ध किया गया है, जिसके अन्तर्गत नलकूप–942 नग, पम्प हाउस–942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी०, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी०, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–547097 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1130 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–मोहम्मदी से सम्बन्धित हैं। जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है वर्तमान में जलापूर्ति बाधित होने एवं योजना के पूर्ण संचालन में विलंब का मुख्य कारण लोक निर्माण विभाग (**P.W.D.**) द्वारा क्षेत्र में कराया जा रहा सड़क चौड़ीकरण का कार्य है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान जल निगम की मुख्य वितरण पाइपलाइन तथा FHTC (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) क्षतिग्रस्त (Damage) हो गए हैं, जिसके कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से जल आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। पाइपलाइन मरम्मत की कार्यवाही का कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुचारू रूप से बहाल करा दी जायेगी। उपरोक्त योजना पूर्ण किये जाने की लक्षित तिथि अक्टूबर–2026 है।

भवदीय

(इं० मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मो० जमाल (डी०पी०एम०), मै० एन०सी०सी०लि०, लखीमपुर खीरी।
3. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता